## खबर संक्षेप



### मानव मुंड की झांकी के साथ निकली बारात

**बरही।** बाबा विजयनाथ की धार्मिक नगरी बरही में भोलेनाथ की बरात धूम-धाम से निकाली गई। भोलेनाथ की बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नृत्य कलाकारों और शहनाई वादकों ने शिव बारात को बेहद आकर्षक बना दिया। मानव मुंड की प्रतिकृति में विराजे भोलेनाथ आकर्षण का केंद्र बने। बारात सर्व प्रथम रामलाला मंदिर से ढोल-नगाड़े शहनाई डीजे आतिशबाजी के साथ निकली। नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। इसके बाद बारात विजय नाथ धाम शिव मंदिर पहुंची जहां भोलेनाथ एवं पार्वती का विवाह बड़े धूम-धाम से संपन्न हुआ। नृत्य संगीत और भक्ति रस में समूचा क्षेत्रा सराबोर नजर आया। इस दिव्य आयोजन ने श्रद्धालुओं के हृदय में आस्था विश्वास और भक्ति आनंदित मय हुए।

### तीन जुआरी गिरफ्तार, 5550 रूपए नकदी जब्त

**कटनी।** बिलहरी पुलिस ने तीन जुआरियों को पकड़ा है। चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि बिलहरी बाजार में कुछ लोग रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की और तीन जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से एवं फड़ से 5,550 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।कार्रवाई में चौकी प्रभारी सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष, आरक्षक भरत विश्वकर्मा एवं सौरभ जैन की भूमिका रही।

### 3 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी।** राजस्व प्रकरणों, सीमांकन, नामंतरण, बटवारा और फार्मर आईडी बनाने के कार्यों में रूचि नहीं लेने वाले 3 पटवारियों को बहोरीबंद के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश चौरसिया ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीनों पटवारियों से समक्ष में उपस्थित हो कर दो दिनों के भीतर प्रतिवेदन सहित प्रस्तुत होने के निर्देश दिए है। एसडीएम बहोरीबंद श्री चौरसिया द्वारा स्लीमनाबाद तहसील के हल्का पटवारी मढ़ाना इमलिया के पटवारी योगेन्द्र बागरी को जारी कारण बताओ नोटिस में राजस्व प्रकरणों, सीमांकन, नामांतरण, बटवारा और फार्मर आईडी बनाने के मामले में कम प्रगति और रूचि नहीं लेने और घोर लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं स्लीमनाबाद तहसील के ही हल्का पटवारी धरवारा महेन्द्र मिश्रा को फार्मर आईडी बनानें और सी.एम. हेल्पलाइन के निराकरण में रूचि नहीं लेने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसी प्रकार हल्का पटवारी मटवारा खुड़ावल अनंत गुप्ता द्वारा भी फार्मर आईडी बनाने की लक्ष्य के अनुरूप शून्य प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### शिव बारात निकाली, भंडारे का आयोजन

**विजयराघवगढ़।** नगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह भव्य पूजन और भंडारे के पश्चात, भव्य शिव बारात का आयोजन शिव मंदिर अंधा मोड़ पर किया गया। नगर भ्रमण पर बारात में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरे मार्ग में हर हर महादेव के जयकारों से नगर गूंज उठा। श्रद्धालु नाचते गाते हुए शिवजी की बारात निकाली। बारात का शुभारंभ आकाश मिश्रा, बलराम सोनी, आशुतोष सराफ हरीओम बर्मन, बुद्ध प्रकाश सेन ,राहुल ताम्रकार ,आदित्य सोनी,गब्बू गुप्ता, अभय सोनी,पारस बड़गियां हर्ष नामदेव, ने की जिसमें नगर के धर्मप्रेमियों ने अपना सहयोग दिया।

---

### जिले भर में कहीं सेटिंग तो कहीं कमीशनबाजी है हावी, दवा के भी मनमाने हैं दाम

# बेपरवाही : दवा दुकानों में नियमों को दरकिनार कर डाक्टर की पर्ची बगैर ही बेची जा रही दवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दवा दुकानों में नियमों के विपरीत दवाओं का विक्रय किया जा रहा है। दवा कारोबार की गड़बड़ियों को झांकने संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास फुर्सत नहीं है। मेडिकल संचालक नियमों को दरकिनार कर मनमानी कर रहे है। दरअसल मेडीकल संचालन के लिये शासन की तय गाइडलाइन का पालन होता नही दिख रहा है। दवा दुकानों की जांच के लिये दवा निरीक्षक की तैनाती तो है लेकिन जांच के लिये पर्याप्त समय ही नही निकाल पा रहे है। इस तरह महज दुकानों की जांच के नाम पर खानापूर्ति के साथ ही कारोबार चल रहा है।

जिले भर में संचालित अधिकांश मेडिकल दुकानें किसी न किसी डाक्टर के संबद्ध से चल रहे है जिस तरह दवा कंपनिया डाक्टरों को अपना ही उत्पाद बिक्री के लिये हर हथकंडा अपनाती है उसी तरह मेडिकल संचालक भी चिन्हित पाउडर, सीरप और दवा लिखने पर तगड़ा कमीशन देते है।



डाक्टर भी चिन्हित मेडिकल से ही मरीज को दवाएं खरीदने के लिए कहते हैं।

मरीज भी बताई गई दवा दुकानों से ही दवाओं को क्रय करता है। बिक्री के मान से कमीशन लौट जाता है। कई बार मेडिकल संचालक डाक्टर की लिखी दवा के स्थान पर उसी फार्मूले की दूसरी दवा थमा देते है। इस तरह अनेक प्रकार से दवा की दुकानों में संचालको द्वारा नियमों को ताक पर रखकर मुनाफा कमाया जा रहा है।

नियमानुसार जांच की जाये तो 90 फीसद मेडिकलों में फार्मासिस्ट बैठते ही नही जिनके नाम पर दुकान रजिस्टर्ड है बल्कि उनके बच्चे या कम पढ़ा लिखा नौकर ही मेडिकल संचालित करता है। जाहिर है दवाओं के मिलते जुलते नाम और डोज भी कई बार डाक्टरो की पर्ची में स्पष्ट नही रहता, कम जानकार नौकर द्वारा पर्ची में लिखी दवा एक नजर में देखकर ही दे दी जाती है।

#### तकलीफ बताओ, दवाई ले लो

तकरीबन प्रत्येक मेडिकल में बिना पर्चे के भी मरीज के तकलीफ बताते ही दवा दुकान संचालक दवायें देने में देर नही लगाते। बगैर डाक्टरो की लिखी पर्ची मेडिकल संचालको द्वारा ही दी जाने वाली दवाओं से एंटीबायटिक्स दवाओं के प्रति मरीज का शरीर रजिस्टेंट हो सकता है। इससे एंटीबायटिक्स का असर कम होता जायेगा। सही डोज नही लेने पर मरीजो को दवायें नुकसान भी कर सकती है। वही बिना पर्चे के कुछ दवाए मरीजों को देने से उन्हे नशे की आदत लग सकती है। दवा दुकानों पर एंटीबायटिक्स, ब्लड प्रेशर, दिमाग को आराम देने वाली दवायें, नशा पैदा करने वाले कफ सीरफ बेखटके थमाये जा रहे है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो में भी दवा दुकानदार कांउटर से इन दवाओं को बेच रहे है। इन निरीक्षण करने ड्रग इंस्पेक्टरो को फुर्सत ही नही है। जिसके चलते काउंटर से अधिक लाभांश देने वाली दवाओं को बेंचकर अतिरिक्त मुनाफा कमाया जा रहा है। दवाओं को डिस्पेंस करने वाले कुछ डाक्टर की जांच जरूरी है जिसके चलते दवा प्रतिनिधियों से दवाएं लेकर ही ये दवायें बेच रहे है। दवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिये दवा निरीक्षक की नियुक्ति तो है लेकिन यह सब महज औपचारिकता ही साबित हो रहा है। असल में दवा दुकानों की जांच तो बस खानापूर्ति के लिये की जा रही है। दवा दुकानों से बिना पर्चे पर भी दवायें बेधड़क बिक रही है।

---

# एलएंडटी के श्रमिकों की हड़ताल से कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में निर्माणाधीन देश के सबसे लंबे रेलवे ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही एलएंडटी के श्रमिकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। एक सैकड़ा से अधिक कर्मचारी पिछले कई महीनों से वेतन और बोनस की बाट जोह रहे थे। हताश होकर श्रमिकों ने सोमवार से काम पूरी तरह बंद करते हुए एनकेजे में एलएंडटी कम्पनी कार्यालय के सामने डेरा डाल दिया। प्रोजेक्ट का काम पूरी तरह रुक गया है। श्रमिकों का आरोप है कि वे साल 2021 से इस प्रोजेक्ट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन कंपनी उनके वैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है।

श्रमिकों का कहना है कि पिछले 8 महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है और 5 साल का बोनस भी बकाया है। भविष्य निधि (PF), मेडिकल सुविधा और सुरक्षा उपकरणों जैसी बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं की जा रही हैं। श्रमिकों से प्रतिदिन औसतन 4 घंटे अतिरिक्त काम कराया जाता है, लेकिन इसका कोई मेहनताना नहीं दिया जा रहा। नोटिस पे, टीए-डीए और हाइट अलाउंस का



भुगतान भी लंबे समय से लटका हुआ है। श्रमिकों की इस हड़ताल का सीधा असर रेलवे के महत्वाकांक्षी ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट पर पड़ रहा है। झलवारा से मझगवां तक बन रहे इस 33.40 किलोमीटर लंबे प्रोजेक्ट की लागत पहले ही 1200 करोड़ से बढ़कर 1800 करोड़ तक पहुँच चुकी है। 17.52 किलोमीटर लंबे डाउन ट्रैक पर काम रुकने से रेलवे को प्रतिदिन लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। श्रमिक नेताओ ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि जब तक उनके खातों में बकाया राशि नहीं आ जाती, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय अधिकारियों और ठेकेदारों के खोखले आश्वासनों से अब समाधान नहीं होगा।

---

### खितौली चौकी क्षेत्र अंतर्गत हदरहटा मोड़ के समीप हुआ हादसा

# बाइक सवारों को बचाने के फेर में अनियंत्रित ट्रक पलटा, 7 हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार की शाम बरही थाना की खितौली चौकी क्षेत्र अंतर्गत हदरहटा मोड़ के पास एक ट्रक पलट गया। यह हादसा बाइक सवारों को बचाने की कोशिश में हुआ। इस एक्सीडेंट में बाइक पर सवार तीन लोगों समेत कुल सात लोग घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार कुआं गांव के रहने वाले अमित यादव अपनी बहन संगीता और 8 साल के भांजे पीयूष के साथ बाइक से उमरिया जा रहे थे। तभी सामने से एक तेज रफ्तार ट्रक आ गया। ट्रक ड्राइवर रामप्रसाद सोनी ने बाइक सवारों को बचाने के लिए ट्रक को अचानक मोड़ा, जिससे वह बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया।






#### हादसे में ये लोग हुए घायल, एक गंभीर रेफर

हादसे में बाइक पर सवार अमित, संगीता और मासूम पीयूष घायल हो गए। वहीं, ट्रक में सवार ड्राइवर रामप्रसाद और उनके साथ मौजूद राकेश, लवकुश और सुरेंद्र को भी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर सभी को बरही अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बताया कि संगीता यादव को शरीर के अंदर गंभीर चोटें लगी हैं, इसलिए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ट्रक ड्राइवर रामप्रसाद की हालत भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

### सीएम के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों का लिया जायजा



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शनिवार 28 फरवरी को बरही के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने सोमवार को यहां बरही पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री तिवारी ने हेलीपेड स्थल और रोड-शो के मार्ग सहित सभा स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता सहित मौके पर पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों कि मौजूदगी रही।

---

# 843 युवाओं का हुआ फिजिकल व मेडिकल टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली में 15 फरवरी की रात को रीवा जिले के 843 युवाओं का फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट हुआ। अग्निवीर भर्ती रैली में रविवार की रात को मात्र रीवा जिले के युवाओं ने भर्ती रैली में भाग लिया। इस दौरान युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा जांच के साथ-साथ दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कटनी में 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले अग्निवीर भर्ती में 15 जिलों के 5 हजार 374 उन युवाओं को आमंत्रित किया गया है जिन्होनें सेना द्वारा आयोजित कामन इंट्रेंस टेस्ट की लिखित परीक्षा को पास कर लिया है। मंगलवार 17 फरवरी को सतना जिले के 783 युवा अग्निवीर



भर्ती रैली में शामिल हो कर अपनी फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट की जांच कराएंगे।

बुधवार 18 फरवरी को जबलपुर, कटनी, शहडोल, उमरिया, अनुपपूर को मिलाकर 785 युवा तथा गुरूवार 19 फरवरी को सभी जिलों के 730 युवा तथा शुक्रवार 20 फरवरी को 638 युवा एवं सोमवार 23 फरवरी को मप्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य की महिला अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होंगी और दस्तावेजों का सत्यापन कराएंगी साथ ही फिजिकल एवं मेडिकल परीक्षण भी होगा।

अग्निवीर भर्ती रैली के माध्यम से सेना में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेडसमेन आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों को नवीन पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल से लिंक आधार नंबर सहित वांछित सभी दस्तावेज लाना अनिवार्य है।

---

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश, कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षण आज से

# अधिकारी जनगणना कार्य को प्राथमिकता दें, मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनगणना 2027 अपनी प्रबंधन दक्षता को सिद्ध करने और अपने अनुभवों को समृद्ध करने का श्रेष्ठ अवसर है। जनगणना कार्य को प्राथमिकता देते हुए अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें यह निर्देश कलेक्टर ने सोमवार को जिला जनगणना समन्वय की बैठक में अधिकारियों को दिया इस दौरान जिला जनगणना अधिकारी के तौर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि देश में पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना होने जा रही है। इसके लिए आनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार



किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान सभी को इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

ग्रमीण - चार्ज जनगणना अधिकारी, समस्त अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी, एक जनगणना लिपिक एवं ऑपरेटर्स को 17 फरवरी एवं 18 फरवरी तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा 19 फरवरी एवं 20 फरवरी को नगर निगम के नगर जनगणना अधिकारी, जोनल चार्ज अधिकारी, एक जनगणना लिपिक एवं ऑपरेटर (प्रत्येक नगरीय ,जोनल कार्यालय से) और नगरीय क्षेत्र,नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद के चार्ज जनगणना अधिकारी, एक लिपिक एवं ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

#### दो चरणों में होगी जनगणना

भारत की जनगणना विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक कार्य है। भारत में जनांकिकीय व आर्थिक आकड़ों का ग्राम एवं वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने का एकमात्र स्त्रोत है। आगामी जनगणना 2027 पूर्व की जनगणनाओं की भांति इस बार भी दो चरण में संपादित की जाएगी।

इसी क्रम में कटनी जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक पूर्ण किया जायेगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जायेगा। इसमें मकानों की स्थिति, सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों का विवरण प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर एकत्रित किया जायेगा। जनसंख्या की गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। साथ ही, व्यक्तियों के सम्बन्ध में अन्य विभिन्न बिन्दुओं जैसे-आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, दिव्यांगता, मातृभाषा, साक्षरता, शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक क्रियाकलाप, प्रवास, प्रजननता विवरण इत्यादि पर जानकारी एकत्रित की जाएगी।

---

### समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

# बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारी, अवैतनिक करने की कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। संकल्प से समाधान योजनांतर्गत शिविरों के आयोजन की व्यवस्था की निगरानी संबंधित एसडीएम करें और जिला अधिकारी इन शिविरों में पहुंचे और प्राप्त समस्याओं का निराकरण करें ताकि जरूरतमंदों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। यह निर्देश सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने समय सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के



दौरान नगर निगम की कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सिटी मैनेजर यश रजक को संविदा समाप्त करने संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना के तहत सोलर पंप वितरण के लिए चिन्हित जिले के 559 किसानों को लाभान्वित करने के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक मात्र 337 किसानों की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने कृषि विभाग के एसएडीओ और आरएईओ को चिनहित किसानों से संपर्क कर उनका बैंक खाता खुलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त शब्दों में कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि बचे हुए 222 चिनहित सभी किसानों की कस्टमर इंफॉर्मेशन फाईल, एग्रीकल्चर इंफास्ट्रक्चर फाइल तैयार कराना सुनिश्चित करें और पोर्टल पर डीपीआर को अपलोड करें उन्होनें उपसंचालक कृषि को ताकीद किया कि बहोरीबंद में वे स्वयं मौजूद रहकर कैंप आयोजित कराएं सोलर पंप से संबंधित किसानों की आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा कराएं कलेक्टर श्री तिवारी ने बहोरीबंद और बड़वारा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए इन दोनों अधिकारियों को दो दिन का अवैतनिक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत हर दिन लगने वाले शिविरों में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ सभी विभागों के जिला अधिकारी भी अवश्य पहुचें। उन्होनें इन शिविरों में विधायक, महापौर जिलापंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, वार्ड पार्षद, जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य व सरपंचों को भी शिविर में आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होनें सभी एसडीएम को अपने-अपने विभाग में शिविरों की नियमित निगरानी और समीक्षा करने तथा नगर निगम में निगमायुक्त की जवाबदेही सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षाओं के दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर योजना, टांटयामामा और भगवान बिरसामुंडा स्वरोजगार युवाओं के लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति करने सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्देशित किया।

---

# तेंदुए ने किसान पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खेत पर काम कर रहे किसान पर एक तेंदुए ने हमला कर दिया। इस हमले में किसान बुरी तरह जख्मी हो गया है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार बाकल थाना क्षेत्र के नैगवा के रहने वाले 36 साल के बल्लू सिंह ठाकुर सोमवार सुबह अपने खेत पर फसल देखने गए थे। तभी झाड़ियों में छिपे एक तेंदुए ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। बल्लू सिंह की चीख सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे दूसरे किसान लाठी-डंडे लेकर वहां दौड़ पड़े। लोगों का शोर सुनकर तेंदुआ किसान को छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया। घटना के बाद वन विभाग और पुलिस को खबर दी गई। टीम ने घायल किसान को तुरंत बहोरीबंद स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां शुरुआती पट्टी-मरहम के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल बल्लू सिंह की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

रेंज ऑफिसर ने बताया कि किसान का खेत जंगल के बिल्कुल पास है, इसलिए वहां अक्सर जंगली जानवर आ जाते हैं। वन विभाग की टीम अब तेंदुए की हलचल पर नजर रख रही है। विभाग ने घायल किसान की पूरी मदद करने का भरोसा दिया है।

#### अकेले जंगल में नहीं जाने की दी सलाह


वन विभाग ने गांव वालों को सावधान रहने के लिए कहा है। रेंजर ने अपील की है कि अकेले जंगल की तरफ जाने से बचें। शाम और रात के वक्त खेतों पर जाते समय बेहद सतर्क रहें। जरूरत पड़ने पर समूह में ही बाहर निकलें।

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में फरार आरोपित को पुणे से किया गिरफ्तार

**कटनी।** थाना बड़वारा क्षेत्र के ग्राम नन्हवारा खुर्द में हुई हत्या के मामले में 8 माह से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने पुणे (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेडक्वार्टर नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई। जानकारी के अनुसार थाना बड़वारा में अपराध क्रमांक 348/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस एवं 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जून 2025 में ग्राम नन्हवारा खुर्द निवासी संदीप चौधरी (35) की लाठी-डंडों से मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद आरोपी दीपक कोल पिता बुद्धू कोल (20) फरार हो गया था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीडीआर विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की लोकेशन पुणे (महाराष्ट्र) में ट्रेस की। पुलिस टीम ने तत्काल पुणे पहुंचकर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि. केके पटेल, सउनि विक्रम सिंह, सउनि सतेन्द्र सिंह, साइबर सेल से आरक्षक अमित सिंह, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत एवं आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी की भूमिका रही।

### अखंड रामायण पाठ और महादेव का हुआ अभिषेक



**सिलौंडी।** ग्राम पिंडरई में महाशिवरात्रि का पर्व दशनामी गोस्वामी (सन्यासी) समाज द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र शिवभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। सुमधुर भजनों के साथ अखंड रामायण पाठकार्यक्रम की शुरुआत महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व की गई, जिसमें अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में पहरुआ की प्रसिद्ध रामायण मंडली के साथ बब्लू पुरी और पप्पू पुरी,नारायन पुरी ने संगीतमय प्रस्तुति दी। ढोलक-मजीरों की थाप और सुमधुर भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गोस्वामी समाज के सुनील गिरी, सुरेंद्र गिरी, गोविंद गिरी,नीलू गिरी, मनीष पुरी और लूनेस्वर पुरी के नेतृत्व में भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद महादेव की आरती की गई और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अधिकारी तय समय सीमा में पारदर्शिता के साथ पूरे करें आमजन के कार्य

# अवैध कालोनी निर्माण प्रकरणों में एफआइआर दर्ज कराएं, संरचनाओं को हटाने की भी करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में नगर निगम के माध्यम से संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं आमजन से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा कर शाखा प्रमुखों को बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था हेतु संवेदनशीलता और तत्परता के साथ काम करने के दिशा निर्देश दिए। नगर निगम कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक के दौरान निगमायुक्त ने महत्वकांक्षी योजनाओं, संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन, समयावधि पत्रों, लंबित परिवादो आदि की भी विस्तार से समीक्षा की।

निगमायुक्त ने बैठक के दौरान नागरिकों को आसानी से उनके बकाया करों को जमा करने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से ई-नगर पालिका ऐप का प्रचार -प्रसार कराने के निर्देश अधिकारियों को देते हुए कहा कि इस ऐप के माध्यम से नागरिकों को बिना किसी परेशानी के घर बैठे निगम के बकाया करों को समय से जमा करने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। जिससे नगर निगम के कर्मचारियों एवं नागरिकों के समय की बचत होगी।

नागरिकों की सुविधा एवं छोटे कार्यक्रमों को कम शुल्क पर सरलता से संपादित करने हेतु नगर निगम के माध्यम से निर्मित किराये गए सामुदायिक भवनों में पेयजल एवं बिजली फिटिंग आदि के कार्य को व्यवस्थित करने सहित निर्माणाधीन सामुदायिक भवनों का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करानें के निर्देश निगमायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने रजिस्ट्रार ऑफिस से जानकारी लेते हुए अवैध कॉलोनी निर्माण के प्रकरणों पर एफ.आई.आर एवं निर्मित संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही करने, कंपाउंडिंग के प्रकरणों में गति लाने तथा आवश्यकतानुसार फायर एन.ओ.सी नहीं लेने वालों को 7 दिवस में नोटिस की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

#### आयुक्त ने पीएम स्वनिधि की धीमी गति पर जताई नाराजगी

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, क्रेडिट कार्ड जारी करने की प्रगति की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाए जानें पर निगमायुक्त द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए सिटी मिशन मैनेजर यश रजक को एक सप्ताह में अभियान स्वरूप कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने की हिदायत दी गई।

#### जांच रिपोर्ट करें प्रस्तुत

आई.एच.एस.डी.पी योजनांतर्गत पूर्व में आवंटित किए गए भवनों में वर्तमान में निवासरत हितग्राहियों की नियमानुसार जांच हेतु नियुक्त किए गए उपयंत्रियों को मौका निरीक्षण करते हुए आगामी टीएल की बैठक के पूर्व प्रतिवेदन देने तथा नवीन आवेदनों पर नियमानुसार भवन आवंटन की कार्यवाही करने के निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने उपयंत्रियों को दिए।

निगमायुक्त द्वारा बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पजेशन देने संबंधी रूपरेखा निर्धारित करने, न्यायालयीन प्रकरणों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने वाले विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी करने, भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करानें, निगम के पेंशनरों की डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट हेतु शिविर का आयोजन करने, नदियों के सीमांकन की कार्यवाही कराने सहित बिना अनुमति नगर निगम की रोड क्षतिग्रस्त करने पर बीएसएनएल एवं एयरटेल कंपनी पर नियमानुसार नोटिस आदि की कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उपायुक्त शैलेष गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असित खरे, अंशुमान सिंह, जागेश्वर प्रसाद पाठक आदि मौजूद रहे।



## 350 पाव देशी शराब के साथ युवक को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बाकल पुलिस ने अवैध शराब तस्करी में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 350 पाव देशी लाल मशाला शराब जप्त की। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया की पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में आपरेशन शिकंजा अभियान के अन्तर्गत थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के विक्रय में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुये मुखबिर की सूचना पर यादव ढाबा मझगवां में दबिश दी गई। पुलिस स्टाफ को देखते ही एक व्यक्ति अपने साथ मे एक पीले रंग की बोरी तथा कार्टून लिए भागने का प्रयास करने लगा। जिसे स्टाफ की मदद से घेराबंदी करके पकड़ा गया। आरोपी कुनाल सिंह राजपूत 23 साल निवासी ग्राम बाकल के कब्जे से अवैध रूप से रखी सीलबंद देशी लाल मदिरा मशाला शराब कुल 350 पाव, प्रत्येक पाव में 180 एमएल सीलबंद शराब जो कुल मात्रा 63 लीटर कीमती करीब 35000रूपये की जब्त की गई। आरोपी कुनाल राजपूत के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी, सउनि बीएम चौधरी, सउनि ब्रजेन्द्र उरमलिया, प्रआर जोगेन्द्र तिवारी, शिवसिंह, आर. राजभान पटेल, आर. कमलकान्त यादव, आर. रोहित सिंह की भूमिका रही।

*जल सुनवाई में पानी के नमूनों का नागरिक करा सकेंगे परीक्षण*

## पेयजल से संबंधित समस्याओं का समाधान करने लगेगा आज शिविर, होगा जल परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा शहरवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति हेतु मुस्तैदी से प्रयास किये जाकर जल आपूर्ति व्यवस्था की सघन निगरानी भी की जा रही है। इसी श्रृंखला में राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर निगम के माध्यम से नागरिकों को की जाने वाली पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के निराकरण तथा सुझाव प्राप्त हेतु मंगलवार 17 फरवरी को वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन किया गया है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को वार्ड स्तरीय आयोजित जल सुनवाई के दौरान नागरिकों से जल आपूर्ति से संबंधित प्राप्त होने वाली समस्याओं एवं आवेदनों पर सुनवाई करते हुए उन पर शीघ्रता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जल सुनवाई में नागरिकगण पेयजल की गुणवत्ता, पाइप लाइन लीकेज तथा जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा नागरिकगण जल सुनवाई के दौरान घरों में सप्लाई किये जाने वाले पेयजल का नमूना भी साथ में लाकर पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण जल सुनवाई के दौरान कराकर उसकी गुणवत्ता रिपोर्ट से अवगत हो सकेंगे।

उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के लिए 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लिए जल सुनवाई का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जल सुनवाई में नगर निगम कटनी की जलप्रदाय शाखा के अधिकारी, प्रशिक्षित कर्मचारी एवं फील्ड स्टाफ मौजूद रहेंगे, जो प्राप्त शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

#### नगर के दो स्थलों में आयोजित हुए विशेष शिविर

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनजर निगम के बकाया करों की वसूली कर राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निग प्रशासन द्वारा आयोजित किये जाने वाले विशेष शिविरों के तहत सोमवार को नगर के दो स्थलों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर मंगलवार 17 फरवरी को पुरैनी स्थित कुठला थाने के सामने तथा वार्ड क्रमांक 27,28, एवं 29 के नागरिकों के लिए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। शिविर के दौरान उपस्थित दल द्वारा नागरिकों की करों संबंधी समस्याओं एवं शंकाओं का भी निराकरण किया जायेगा। निगमायुक्त द्वारा राजस्व वसूली में गति लाने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निर्देश दिये हैं।

### विद्यार्थियों को दिया गया हरी खाद निर्माण का प्रशिक्षण



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत हरी खाद एवं खलियों के निर्माण तथा फसलों में उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। हरी खाद के लिए दलहनी फसलों के अंतर्गत सन ढेंचा उड़द मूंग लोबिया बरसीम आदि फसलों को सिंचित अवस्था में मानसून आने के 15 से 20 दिन पूर्व तथा असिंचित अवस्था में मानसून आने के तुरंत बाद हरी खाद की फसलों के बीज बोना चाहिए। एक से डेढ़ माह की फसल को डिस्क हैरो या रोटावेटर चला कर पौधों को पलट दें तथा पाटा चलावें। खेत में 5 से 6 सेंटीमीटर पानी भरने से 8 से 10 दिन में पौधों के सड़ने से खाद बन जाती है। इसके बाद धान का रोपा लगाने से नाइट्रोजन खाद की मात्रा कम देना पड़ता है तथा सभी पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं। तिलहनी फसलों से तेल निकालने के बाद बीजों का जो अवशेष बचा रहता है उसे खली कहते हैं। इसमें प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट एवं खनिज पदार्थ पाए जाते हैं। खली का उपयोग दुधारू पशुओं को देने से दूध के उत्पादन में वृद्धि तथा जैविक खाद के लिए होता है।

## अधिवक्ता संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की हत्या के विरोध में सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ, कटनी ने गहरा रोष व्यक्त किया। संघ ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल लागू करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत 14 फरवरी 2026 को शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना जब नियमित न्यायालयीन कार्य के लिए जा रहे थे, तब उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस जघन्य घटना से पूरे प्रदेश का अधिवक्ता समाज न केवल आहत है बल्कि स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। घटना के विरोध में आज जिले के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

जिला अधिवक्ता संघ ने शासन के समक्ष निम्नलिखित माँगें रखी हैं कि हत्याकांड के अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट वर्षों से लंबित 'अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट' को बिना किसी देरी के पूरे प्रदेश में लागू किया जाए ताकि वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। मृतक अधिवक्ता के परिवार को कम से कम 1 करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान किया जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, सचिव राजकुमार तिवारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा बार-बार आश्वासन देने के बावजूद अधिवक्ताओं की सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता बरती जा रही है। यदि सरकार ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए और उक्त एक्ट लागू नहीं किया, तो अधिवक्ता समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

*समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए ननि में होगी जन सुनवाई*

## महापौर नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं पर आज करेंगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कार्यालय से संबंधित नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा की गई अभिनव पहल के तहत मंगलवार 17 फरवरी को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। नागरिकगण इस जनसुनवाई में अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर महापौर श्रीमती सूरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अभिनव पहल पर प्रत्येक मंगलवार को निगम कार्यालय में आयोजित होनें वाली महापौर जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा निगम कार्यालय से संबंधित शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित समस्याएं, जैसे स्वच्छता, जलापूर्ति, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण, संबंधी शिकायतें एवं अन्य नगर निगम से जुड़ी समस्याएं सीधे प्रस्तुत किये जाते है जिनपर गंभरतापूर्वक सुनवाई उपरांत महापौर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदों एवं शिकायतो पर समयबद्ध तरीके से कार्यवाही के निर्देश प्रदान किये जाकर शिकायतों के निराकरण की सतत समीक्षा भी की जा रही है।

#### समय पर समाधान

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि यह पहल सुशासन, जवाबदेही एवं पारदर्शिता की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। नगर निगम का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना ही नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। ताकि नागरिकों को बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होने नागरिकों से जनसुनवाई कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

#### निगमायुक्त जोन कार्यालय बस स्टैंड में करेंगी जनसुनवाई

आज मंगलवार 17 फरवरी को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार मंगलवार को प्रातः 11 बजे से जोन कार्यालय बस स्टैंड में जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की शिकायतें एवं सुझाव सुनकर अधिकारियों को निर्देशित करेंगी। जनसुनवाई के दौरान नागरिक पेयजल, स्वच्छता, कर, पेंशन, निर्माण, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य नगर निगम संबंधी विषयों पर अपनी समस्या निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों पर धैर्यपूर्वक सुनवाई करते हुए निगमायुक्त द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के समयबद्ध निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

### बम बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय, मंदिरों में भक्तों की लगी रही कतार

## भक्ति भाव के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व, पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





देवाधिदेव महादेव व माता पार्वती के विवाहोत्सव का पर्व महाशिवरात्रि स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही शिवालयों में भोलेनाथ के पूजन का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। प्रसिद्ध रुपनाथ धाम भगवान शिव के जयकारों से शिवमय हो गई। भोर की पहली किरण के साथ ही शिवालयों में भोलेनाथ के भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। दिनभर में हजारों श्रद्धालु पूजन करने पहुंचे। साथ ही भंडारे का भी आयोजन हुआ। जहां भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। रुपनाथ धाम मैं दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। इसके साथ ही जिलहरी धाम,शिव मंदिर,श्रीराम जानकी मंदिर ,जगदीश धाम सहित अन्य शिव मन्दिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जल एवं दूध से अभिषेक कर चन्दन, बिल्व पत्र, बेर, गाजर, आक-धतुरा, धूप-दीप आदि समर्पित कर पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। महिलाओं के समूह भजन गाते हुए मन्दिरों में पहुंचे। इस दौरान मन्दिरों में भगवान शिव का रंग-बिरंगे फूलों से मनोहारी श्रृंगार कर आकर्षक झांकी सजाई गई। हाथों में पूजा की थाली एवं जयघोष करते हुए श्रद्धालु कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते हुए दिखाई दिए। इससे समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रसाद एवं फूलों की दुकानों पर भी खासी भीड़ दिखाई दी।

महाशिवरात्रि स्लीमनाबाद के बाबागढ़ धाम व शिव मंदिर मैं बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शिवरात्रि महोत्सव एक दिन पहले रामचरित मानस पाठ के साथ शुरू हो गया, जिसका समापन शिवरात्रि को हुआ जहाँ महाशिवरात्रि पर बाबागढ़ धाम में भगवान शिव का रुद्राभिषेक हुआ इसके साथ ही स्लीमनाबाद के हरिदास ब्रजधाम , तपत कुंड धाम में भी बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचकर महादेव के दर्शन किए।

#### भगवान शिव का माता पार्वती के साथ हुआ विवाह, निकली बारात जमकर थिरके भक्त

देवाधिदेव महादेव व माता पार्वती के विवाहोत्सव का पर्व महाशिवरात्रि स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मैं बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।स्लीमनाबाद के बाबा गढ़ धाम व शिव मंदिर मै शिवरात्रि महोत्सव एक दिन पहले रामचरित मानस पाठ के साथ शुरू हो गया।महाशिवरात्रि पर रविवार को भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। साथ ही चंदन, बिल्व पत्र, बेर,गाजर, आक धतूरा,धूप_दीप आदि समर्पित कर पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। इसके बाद मेहंदी, हल्दी और महिला संगीत का आयोजन किया गया। महिलाओ के द्वारा भगवान शिव_पार्वती विवाहोत्सव मैं विवाह की सभी रस्में की गई।महिलाओ के द्वारा एक दूसरे को हल्दी लगाई गई।मंगलमय विवाह गीत गाए गए।देर शाम बारात निकाली गई जिसमे भक्तो ने जमकर नृत्य किया।इसके साथ ही हरिदास ब्रजधाम , तपत कुंड धाम मैं भी बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचकर महादेव के दर्शन किए। पर्व को लेकर मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा भी की गई है। अनेक मंदिरों में भंडारे भी हुए। फलाहारी प्रसादी का वितरण भक्तों को किया गया। पर्व को लेकर बाजार में भी लोगों का खासा उत्साह नजर आया।

## सिद्ध बाबा स्थल के पास मिला अधजला शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बचैया के सिद्ध बाबा स्थल के समीप रविवार को एक अज्ञात पुरुष की अधजली लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया।

थाना प्रभारी अखलेश दाहिया ने बंताया कि रविवार दोपहर सूचना मिली थी कि सिद्ध बाबा स्थल के पास पौड़ी डेम की झाड़ियों में एक लावारिस शव पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर एक पुरुष का अधजला शव मिला, जिसकी फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। रविवार को पोस्टमार्टम संभव नहीं हो सका, जिसे सोमवार को कराया जाएगा। बताया गया कि महाशिवरात्रि पर्व पर सिद्ध बाबा स्थल पर भंडारे का आयोजन था। कन्या भोजन के लिए आई बच्चियां घूमते हुए झाड़ियों तक पहुंच गईं, जहां शव देखकर वे घबरा गईं और लोगों को सूचना दी। मृतक के शरीर पर घुटनों, कमर, गुप्तांग सहित अन्य हिस्सों में जलने के निशान और फफोले पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या कर शव जलाने की कोशिश की आशंका जताई जा रही है।

शव की स्थिति को देखते हुए अनुमान है कि वह 5-6 दिन पुराना हो सकता है। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। उसके पेंट पर आरएस मझौली लिखा मिला है, जिससे उसके मझौली क्षेत्र का निवासी होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

खास बातें



## मिट्टी की सेहत सुधारना, समय की मांग - रीतेश बगोरा

**पन्ना।** किसान पाठशाला का आयोजन ग्राम पल्थरा में शिव सिंह के खेत में लगाई गई। शिव सिंह की परम्परागत खेती एवं जेविक खाद के उपयोग से खेती एवं मिटटी में आये सुधार पर वैज्ञानिको ने चर्चा किया। अजयगढ़ एवं पन्ना से लगभग 60 किसान पन्न जनपद के पल्थरा गांव पहुचकर परम्परागत खेती एवं देशी बीजो की जानकारी ली। आज का कार्यक्र म समर्थन संस्था ने रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग से आयोजित किया गया। आत्मनिभर गांव की नीव 2016 में समर्थन संस्था एवं सामुदाय ने मिलकर घरातल पर मानचित्र तैयार किया जो आज भी कागज में तैयार। शशि सिंह जल मित्र ने सभी को जानकारी दी संकटग्रस्त जमीन कैसे उपजाउ हुई और ग्राम सभा से कैसे विकास संभव हुआ यह वात भी वताया। समर्थन से ज्ञानेद्र तिवारी ने विकास के लिये गांव का शश्विजन श्श दस्तावेज बनाना आवश्यक है जो गांव के लिये बंचमार्क होता है। टीमलीडर अजयगढ आशीष कुमार झा ने कहा की विकास सामुदायिक प्रयास से ही संभव है। शीमानिंगरिंग भी हो सकती है। टीम से कपूरस ्हि,सुग्रीव,उमेंश,रोहिणी एवं शिखा नवनीत ने किसानो को सीखने की प्रक्रिया में सहयोग किया।

### तृतीय नोहलेश्वर महोत्सव 2026 का हुआ समापन

# सुप्रसिद्ध गायिका आशा वैष्णव की प्रस्तुति से भक्तिमय भावना में ओतप्रोत हुआ महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के जबेरा विधानसभा अंतर्गत नोहटा में आयोजित तृतीय नोहलेश्वर महोत्सव 2026 के अंतिम दिवस महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की वंदना के साथ हुआ। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन तथा महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित यह आयोजन जनसैलाब से खचाखच भरा रहा।

महोत्सव के अंतिम दिवस सुप्रसिद्ध गायिका आशा वैष्णव ने अपनी सुरमयी और भावपूर्ण प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

उन्होंने शिव भक्ति, राष्ट्रप्रेम और लोकसंस्कृति पर आधारित अपने लोकप्रिय भजनों एवं गीतों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की कि श्रोता देर रात तक मंत्रमुग्ध रहे। जैसे ही उनके स्वर गूंजे, पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। उनकी मधुर आवाज, प्रभावशाली मंच संचालन और ऊर्जावान प्रस्तुति ने महोत्सव को चरम उत्साह तक पहुँचा दिया। कई श्रोता भावविभोर होकर खड़े हो गए और मोबाइल की रोशनी से पूरे परिसर को आलोकित कर दिया। आशा वैष्णव की प्रस्तुति ने नोहटा की पावन धरा पर एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक छाप छोड़ी।

### मंत्री लोधी ने युवाओं के समर्पण की सराहना

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि नोहलेश्वर महादेव की पावन नगरी में आयोजित यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और अनुशासन का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा साथियों ने दस दिनों तक एक योद्धा की तरह व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा और संचालन की जिम्मेदारी निभाई। बिना किसी अपेक्षा के सेवा भाव से कार्य करना ही सच्ची राष्ट्र और समाज सेवा है। आप सभी की ऊर्जा और अनुशासन ही महोत्सव की वास्तविक शक्ति है। मंच से समर्पित वॉलेंटियर्स का सम्मान किया गया, जो पिछले दो वर्षों से निरंतर महोत्सव की व्यवस्थाओं में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

### रोमांच और उत्साह का संगम

महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि इस वर्ष नोहलेश्वर महोत्सव में आस्था के साथ-साथ रोमांच और आधुनिक आकर्षणों का भी समावेश किया गया है।

कार राइड, हॉट एयर बैलून, फायर पान और जंपिंग जोन जैसे आकर्षणों ने बच्चों, युवाओं और वरिष्ठजनों के लिए विशेष उत्साह का वातावरण बनाया।

उन्होंने कहा कि आसमान की ऊँचाइयों से महोत्सव की भव्यता निहारना हो या जंपिंग जोन में उत्साह की छलांग लगाना — हर पल ऊर्जा और आनंद से भरपूर है। नोहलेश्वर महोत्सव अब केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि मनोरंजन और सांस्कृतिक उल्लास का भी अद्भुत संगम बन चुका है। कार्यक्रम समापन के अवसर पर मंत्री लोधी के पिता भाव सिंह लोधी एवं अनुज नित्येन्द्र सिंह लोधी ने प्रसिद्ध गायिका आशा वैष्णव एवं उनकी टीम का सम्मान करते हुए प्रस्तुति की सराहना की एवं सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया। महोत्सव के मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन ने महोत्सव की खबरों को प्रतिदिन प्रकाशित कर जन जन तक पहुचाने में अहम योगदान प्रदान करने बाले समस्त पत्रकार बंधुओं का ह्रदय से आभार व्यक्त किया और कहा महोत्सव को सफल बनाने में और इस भव्यता तक पहुचाने में मीडिया जगत का योगदान सराहनीय है और साथ ही कहा कि तृतीय नोहलेश्वर महोत्सव 2026 ने यह सिद्ध कर दिया कि जब भक्ति, राष्ट्रभाव, युवा ऊर्जा और सांस्कृतिक समर्पण एक मंच पर आते हैं, तो वह आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं रहता वह जनभागीदारी का महापर्व बन जाता है। नोहटा की पावन धरती पर सजा यह महोत्सव आने वाले वर्षों में और भी अधिक भव्यता एवं जनसहभागिता के साथ नई ऊँचाइयाँ छुएगा।

# मूर्ति ही आस्था का सच्चा स्वरूप : श्री भगवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

धर्मनगरी काशी एक बार पुनः आध्यात्मिक गौरव के दिव्य आलोक से आलोकित होने जा रही है। श्री राम जानकी मंदिर तपस्वी आश्रम, लहरतारा में परमपूज्य, अनन्त श्री विभूषित, ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री गुरुदेव भगवान श्री भागवत दास जी महाराज (त्यागी जी रामायणी) की दिव्यमयी प्रतिमा के अनावरण के पावन अवसर पर मूर्ति अनावरण महायज्ञ का भव्य आयोजन सुनिश्चित हुआ है। यह महोत्सव उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी जी की गरिमामयी उपस्थिति से और अधिक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण बनेगा। शुभ संवत 2082, फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, बुधवार 18 फरवरी 2026 को इस पुण्यमयी तिथि पर आयोजित यह समारोह श्रद्धा, भक्ति और गुरु-परम्परा के अमर प्रकाश का अनुपम संगम सिद्ध होगा। संत परम्परा के दिव्य आलोक स्तंभ रहे गुरुदेव श्री भागवत दास जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण भक्तों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का अक्षय स्रोत बनेगा। इस महोत्सव की पूर्वपीठिका स्वरूप 16 फरवरी 2026, सोमवार प्रातः 9 बजे से मंगल कलश शोभायात्रा निकली , जिसमें श्रद्धालुओं की विशाल सहभागिता काशी की धर्मध्वजा को पुनः वेदघोष, शंखनाद और भक्ति-संगीत से गुंजायमान कर यह सिद्ध हुआ कि शोभायात्रा श्रद्धा की सजीव सरिता का रूप है। इस दिव्य आयोजन की अध्यक्षता परम श्रद्धेय श्री विष्णुदेवाचार्य जगद्गुरु संतोषाचार्य जी महाराज (सतुआ बाबा जी) करेंगे। विशेष महिमा के साथ समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान होंगे परम पूज्य *श्रीमहंत श्री श्रीभगवान रसिक वेदांताचार्य जी*, जो वैदिक दर्शन, भक्ति-रस परम्परा और वेदान्त तत्त्व के अद्वितीय मर्मज्ञ आचार्य के रूप में समादृत हैं। उनका व्यक्तित्व संत-परम्परा की करुणा, शास्त्रसम्मत प्रज्ञा और भक्तिभाव की मधुरता का अद्भुत समन्वय है। देश-विदेश में धर्म, संस्कृति और वैदिक जीवन-दर्शन के प्रचार-प्रसार हेतु उनका अविरत योगदान उन्हें संत समाज में विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। इस अवसर पर उनका प्रेरणामयी उद्बोधन "गुरु-तत्त्व, भक्ति और राष्ट्रधर्म" विषय पर केंद्रित होगा, जिसमें वे गुरु-परम्परा की अखण्ड ज्योति, रामभक्ति की जीवनदायिनी शक्ति तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण में समाज की सामूहिक भूमिका पर प्रकाश डालेंगे। उनके वचनों से श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे, बल्कि जीवन में धर्म, सेवा और समरसता के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा भी पाएँगे। काशी की पावन धरती पर आयोजित यह आध्यात्मिक महाकुंभ गुरु-भक्ति, सनातन परम्परा और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत उत्सव सिद्ध होगा। समारोह का समापन 18 फरवरी को दोपहर 12 बजे यज्ञ-पूर्णाहुति एवं विशाल भण्डारे के साथ होगा, जहाँ सहस्त्रों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ प्राप्त करेंगे। श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं एवं धर्मप्रेमी जनों के लिए यह अवसर केवल एक समारोह नहीं, बल्कि गुरु-तत्व के साक्षात अनुभव का परम अवसर है।

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के निर्देशानुसार, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के द्वारा ज्ञानदीप विद्या बिहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधीश द्वारा विद्यालय में सहभागी छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत साइंस एग्जीबिशन का अवलोकन किया एवं उनके द्वारा किए गए विभिन्न प्रयोगों की सराहना की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अथवा अन्य निर्योग्यता के कारण न्याय पाने से वंचित न होने पाए। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत अनुसूचित जाति जनजाति, महिला एवं बालक, औद्योगिक कर्मकार, आपदा प्रभावित, दिव्यांगजन एवं जेल में निरूद्ध बंदियों को तथा ऐसे समस्त व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रूपये से कम हो निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ ले सकता है। तत्पश्चात उपस्थित बालक बालिकाओं को लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012, अपराध पीडित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही समस्या होने पर परामर्श हेतु विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क करने का परामर्श दिया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक अनिल चैधरी प्राचार्य के अलावा शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्काई सोशल फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**जबेरा।** स्काई सोशल फाउंडेशन द्वारा सोमवार को जबेरा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यालय का आयोजन महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षण में जिला प्रबंधक सुनीता मसराम, मास्टर ट्रेनर सुचिता शर्मा, अजय सोनी एवं ब्लॉक ऑर्डिनेटर साक्षी शर्मा द्वारा स्काई सोशल फाउंडेशन के कार्यों एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि स्काई सोशल युवा नेतृत्व वाली नारीवादी संस्था है जो समाज मां लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्य करती है। जिसका उद्देश्य नीतियों समुदायों और युवाओं के बीच पुल बनाना है ताकि हर व्यक्ति को सामानता का अवसर और सम्मान मिले। जिसके लिए स्काई सोशल फाउंडेशन अनेक क्षेत्रों में कार्य कर रहा है जिसमें मुख्य रूप से लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण, युवाओं और किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य, बाल संरक्षण और शिक्षा, जल जलवायु और पर्यावरण संरक्षण एवं शासन व्यवस्था में भागीदारी और नीति संवर्धन आदि क्षेत्रों में कार्य करते हुए हम बदलाव की बात नहीं करते बल्कि बदलाव बनते हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्काई सोशल फाउंडेशन के सदस्यों सहित अनेकों महिलाओं की उपस्थिति रही।

# बिजली की चोरी करते हुए दो उपभोक्ताओं पर की कार्यवाही

**तेंदूखेड़ा।** विद्युत विभाग द्वारा नगर क्षेत्र में उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्राप्त शिकायत के आधार पर दो उपभोक्ताओं के मीटरों की विशेष रूप से जांच की गई, जिसमें मीटर से छेड़छाड़ कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जाना पाया गया। विभागीय टीम ने मौके पर ही पंचनामा तैयार कर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत चोरी की नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ की। सहायक अभियंता मोहम्मद फरीद अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिजली मीटर से छेड़छाड़ कर राजस्व को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग की निगरानी प्रणाली के माध्यम से मीटर में गड़बड़ी अथवा अनियमितता की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों तक पहुंच जाती है, जिससे जांच कर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे मीटर से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें तथा ईमानदारीपूर्वक विद्युत उपयोग करें। साथ ही बिजली की बचत करने एवं अनावश्यक विद्युत खपत से बचने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है और इसमें आर्थिक दंड एवं विधिक कार्रवाई दोनों का प्रावधान है। इस जांच एवं कार्यवाही के दौरान विभागीय टीम में लाइनमैन सुधीर पटेरिया, लकी मिश्रा एवं मीटर रीडर कुद्दू घोसी शामिल रहे। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि विद्युत चोरी पर अंकुश लगाया जा सके और ईमानदार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हो सके।



### थाने के पिपलेश्वर मंदिर से वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ निकाली

# धूमधाम से निकली भोलेनाथ की शाही बारात

## जगह जगह बारात पर फूल बरसा कर किया स्वागत, सजाई गई थी भव्य झाकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा





संपूर्ण नगर भगवान भोलेनाथ के रंग में रंगा रहा। हर शिवालय में भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया गया एवं संपूर्ण नगर में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। थाना प्रांगण में स्थित पिपलेश्वर सिद्ध महादेव मंदिर में धूम धाम से डीजे गाजो बाजो के साथ भगवान भूतभावन भोलेनाथ की बारात निकाली गई जिसमें नगर सहित क्षेत्र की बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर में पहला इतिहास है कि भगवान भोले नाथ की इतनी भव्य बारात निकाली गई है। जिसमें घोडो पर धर्म ध्वाजा लेकर चल रहे थे। साथ ही चांदी की पालकी में भगवान भोले नाथ की बारात चल रही थी। इसके अलावा बाहर से आए कलाकरो के द्वारा भोलेनाथ एवं पार्वति का रूप धारण कर भोलेनाथ के गीते पर नॉचते चल रहे थे। साथ ही बग्गियों पर भगवान भोले नाथ की सुंदर झाकियां सजाई गई थी। जगह जगह श्रद्धालूओ के द्वारा बारातियों पर फूलो की बरसात की गई थी। इसके अलावा जगह जगह फटाखे फोड़कर बारात का स्वागत किया गया। लगभग एक किलोमीटर लम्बी बारात थी जिसमें हजारो की संख्या में बाराती मौजूद थे। बारात में जामवंत, पवन सुत हनुमानएवं भूत पिशाचों के स्वरूप नृत्य करते हुए चल रहे थे जिससे ऐसा लग रहा था कि भगवान शिव स्वंय ही अपनी बारात लेकर प्रस्थान कर रहे हैं। हालकि नगर के सभी शिवालयों में सुबह पूजन रूद्रा महाभिषेक एवं आरती की गई। इसके अलावा नगर में अनेक स्थानो पर भोलेनाथ की बारात निकालकर भोलेनाथ का विवाह रचाया गया। इसके पहले पिपलेश्वर मंदिर में प्रातः बेला से ही मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई थी जिसके बाद पार्थिव शिवलिंग निर्माण हुआ और फिर से भगवान का रुद्राभिषेक किया गया मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित महेश प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि शिवरात्रि का यह आयोजन बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया और लोगों ने बड़ी संख्या में इस आयोजन में हिस्सा लिया आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि सुबह पार्थिव शिवलिंग के बाद रुद्राभिषेक हुआ और संध्याकाल में भगवान की बारात बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ निकली जिसमें बाहर से आईं झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं और इसके पश्चात संध्या में महाआरती का कार्यक्रम हुआ इसके बाद भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह वैदिक मंत्रों के साथ सम्पन्न हुआ और फिर प्रसाद वितरण (विशाल भंडारा) हुआ। प्रत्येक बर्ष के आयोजन से इस वर्ष का शिवरात्रि का यह कार्यक्रम और भी भव्य और दिव्य रहा जिसमे नगर सहित क्षेत्र से हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इसके अलावा नगर के पंचवटी सिद्धधाम में सुबह से भगवान भोलेनाथ का रूदाभिषेक किया गया साथ ही शाम 6 बजे से भगवान भोलेनाथ आकर्षक झांकी सजाकर बारात निकाली गई। रात्रि में शिव पार्वती विवाह के साथ महाआरती उतारकर महाप्रसाद का वितरण किया गया। रात्रि में जागरण का आयोजन किया जो सुबह 4 बजे तक चला। इसके अलावा साथी क्लब के द्वारा नगर के तारादेही पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया एवं शाही बारात का स्वागत किया गया। साथ ही स्क्रीन पर भारत पाकिस्तान मैच का लाइव प्रसारण चलाया गया। इस दौरान बडी संख्या में शिव भक्तों की उपस्थिती रही।

# जनपद अंतर्गत पंचायतों में बनें चेक डैमों में पानी की बूंद तक नही

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विगत वर्षों में मनरेगा योजना व गौड़ खनिज विभाग से जहां जहां भी चेक डैमों का निमार्ण कार्य किया गया है जिनकी लागत करीब 10-15 लाख रुपए रही उनमें 95 प्रतिशत चेक डेम ऐसी स्थिति में जहां पानी की बूंद तक नही है तो उन चेक डैमों का क्या मतलब और पंचायत में किस उद्देश्य से बनाए गए। यह समझ नही आता जहां भी देखो सूखे पड़े हुए हैं। शासन का उद्देश्य भले जल संरक्षण के लिए हो ताकि ग्राम में बारिश का पानी का भराव हो सकें जिससे ग्राम में जल समस्या से छुटकारा मिलें पर ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव रोजगार सहायकों से लेकर उपयंत्री उक्त कार्य में शामिल है पर क्या किसी भी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस और ध्यान नही दिया जाता कि शासन का लाखों रुपए खर्च हो गए और बिलों का भुगतान होकर सीसी जारी हो गई पर पानी का स्टाक तक नही हो पाता तो किस मतलब के लिए बनें। जिला कलेक्टर से मांग है कि जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में बनें चेक डैमों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# माहू के प्रकोप से फसलों का संरक्षण करने के लिये दी सलाह

**बटियागढ।** डॉ. द्वारका, कीटशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना के अनुसार माहू कीट विभिन्न फसलों में पाया जाने वाला एक अत्यंत हानिकारक रस-चूसक कीट है, जो बहुभक्षी प्रकृति का होता है जोकि सरसों, तोरी, राई, कैनोला, गोभी, पत्तागोभी, फूलगोभी, मूली, शलजम, गेहूँ, जौ, मक्का, चना, मसूर, मटर, अरहर, सोयाबीन, कपास, सूरजमुखी, आलू, टमाटर, बैंगन, मिर्च, भिंडी, लौकी, कद्दू, तरबूज, खरबूज, प्याज, लहसुन तथा धनिया के अतिरिक्त आम, अमरूद, नींबू, पपीता, अंगूर जैसे फलदार पौधे, गुलाब, गेंदे की प्रजातियाँ, सजावटी पौधे तथा कई जंगली खरपतवार जैसे बथुआ, चौलाई, हिरनखुरी, सनई, कुसुम आदि भी वैकल्पिक पोषक पौधे के रूप में कार्य करते हैं। यही कारण है कि यह कीट वर्ष भर अलग-अलग फसलों और खरपतवारों पर जीवित रहकर तेजी से फैलता है और अनुकूल मौसम (ठंडा व शुष्क वातावरण) में इसकी संख्या अचानक बढ़ जाती है। और समय रहते नियंत्रण न होने पर उपज में भारी गिरावट ला सकता है। डॉ . द्वारका के साथ किसान रूपेंद्र सिंह लोधी व साहब सिंह लोधी द्वारा देखने पर फसलों की कोमल पत्तियों, टहनियों और पुष्पक्रमों पर छोटे-छोटे, नाशपाती आकार के, हरे, काले, भूरे या पीले रंग के झुंड के रूप में दिखाई दिखाई दिए, जो अक्सर पत्तियों के नीचे की सतह पर चिपके हुए थे तथा मीठा चिपचिपा द्रव, हनीड्यू, स्रावित, जिस पर बाद में काली फफूंद, सूटी मोल्ड, विकसित थी। एवं पत्तियों का मुड़ना, पीला पड़ना, पौधों की वृद्धि रुकना, कलियों व फूलों का झड़ना, दानों का ठीक से न भरना तथा पौधों का कमजोर होना शामिल था। जिसके नजरअंदाज करने से उपज और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं। डॉ . द्वारका के अनुसार माहू कीट कई विषाणु जनित रोगों का वाहक भी होता है, जिससे रोग फैलाव बढ़ जाता है। डॉ . द्वारका के अनुसार प्रबंधन के हेतु सबसे पहले खेत की नियमित निगरानी, संतुलित उर्वरक प्रयोग, समय पर बुवाई, प्रतिरोधी किस्मों का चयन, संक्रमित टहनियों की छंटाई, पीले चिपचिपे ट्रैप का 10–12 प्रति एकड़ लगाना तथा प्राकृतिक शत्रुओं जैसे लेडीबर्ड बीटल, लेसविंग और परभक्षी मक्खियों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए; जैविक प्रबंधन हेतु नीम आधारित उत्पाद जैसे अजादिरैक्टिन 1500 पीपीएम या 3000 पीपीएम का 2–3 मि.ली. प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना, नीम तेल 0.5–1 प्रतिशत (5–10 मि.ली. प्रति लीटर पानी) का प्रयोग, लहसुन-मिर्च अर्क का छिड़काव तथा बायोपेस्टिसाइड्स जैसे ब्यूवेरिया बेसियाना या वर्टिसिलियम लेकानी 5–10 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से उपयोग करना प्रभावी पाया गया है; रासायनिक प्रबंधन के लिए जब माहू की संख्या आर्थिक क्षति स्तर से अधिक हो जाए, तब इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 0.3 मि.ली. प्रति लीटर पानी या थायोमेथोक्साम 25 डब्ल्यूजी 0.25 ग्राम प्रति लीटर पानी, एसिटामिप्रिड 20 एसपी 0.2 ग्राम प्रति लीटर पानी या लैंब्डा-सायहैलोथ्रिन 5 ईसी 0.5 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करना चाहिए, परंतु एक ही दवा का बार-बार प्रयोग न करते हुए रोटेशन अपनाना चाहिए ताकि प्रतिरोध विकसित न हो; छिड़काव सुबह या शाम के समय करना, अनुशंसित मात्रा का ही प्रयोग करना, मधुमक्खियों व लाभकारी कीटों की सुरक्षा का ध्यान रखना तथा फसल कटाई या तुड़ाई से पूर्व सुरक्षित अंतराल का पालन करना आवश्यक है।

## प्रोटोकॉल के तहत कराया गया पोस्टमार्टम, अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

# एक माह पहले टाइगर रिजर्व आए बाघ की मौत, टेरिटरी फाइट से मौत की आंशका

***वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मोहली रेंज में मिला शव, 18 जनवरी को कान्हा से लाया गया था बाघ***

***दो दिन से एक ही स्थान पर मिल रही थी लोकेशन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में एक महीने पहले लाए गए करीब 35 माह उम्र के बाघ की मौत हो गई रविवार को मानेगांव बीट में उसका शव मिला सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अंधेरा होने के कारण विस्तृत सर्चिंग नहीं हो सकी, जिसके बाद सोमवार सुबह डॉग स्क्वॉड के साथ जांच तेज की गई।

डॉक्टरों की पैनल पोस्टमार्टम कर रही है, जिससे मौत का कारण स्पष्ट होगा शुरुआती तौर पर टेरिटरी को लेकर फाइट की आशंका जताई जा रही हैं टाइगर रिजर्व की मुहली रेंज मानेगांव बीट के कोर एरिया में बाघ की निगरानी की जा रही थी। रविवार को टीम जब मौके पर पहुंची तो बाघ जमीन पर पड़ा मिला। पास जाकर देखने पर उसकी मौत की पुष्टि हुई

### तीन दिन से एक ही लोकेशन

कॉलर आईडी से मूवमेंट ट्रैक किया जा रहा था पिछले तीन दिनों से बाघ की लोकेशन एक ही स्थान पर मिल रही थी इससे संदेह गहराया और टीम सर्चिंग के लिए पहुंची, जहां शव बरामद हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के बाद सोमवार को आसपास के इलाके में डॉग स्क्वॉड से सर्च कराया गया।

घटनास्थल पर दूसरे वन्यजीव के पगमार्क मिलने की बात भी सामने आई है वही जांच के दौरान बिजली के तारों और आसपास के जलस्त्रोतों को भी परखा गया। कहीं करंट या पानी में गड़बड़ी जैसे संकेत नहीं मिले। इससे विभाग का शक टेरिटरी फाइट की ओर ज्यादा बढ़ा है। डीएफओ रजनीश कुमार के अनुसार शव का पोस्टमार्टम विशेषज्ञ डॉक्टरों की से कराया गया है है जो पन्ना टाइगर रिजर्व, भोपाल और जबलपुर से पहुंची है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी।

### 18 जनवरी को हुआ था शिफ्ट

इस बाघ को 18 जनवरी को कान्हा टाइगर रिजर्व से यहां लाया गया था। उसे कोर एरिया में छोड़कर कॉलर आईडी के जरिए लगातार मॉनिटर किया जा रहा था। प्रबंधन के मुताबिक अप्रैल 2023 में यह शावक अपनी मां से अलग हो गया था। बाद में उसे सुरक्षित रखकर विशेष बाड़े में पाला गया और शिकार की ट्रेनिंग दी गई करीब 35 महीने की रिवाइल्डिंग के बाद वह खुद शिकार करने में सक्षम हुआ। इसके बाद उसे नए टाइगर रिजर्व में बसाने की प्रक्रिया के तहत यहां शिफ्ट किया गया था। वन विभाग का कहना है कि फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत प्राकृतिक संघर्ष से हुई या कोई अन्य कारण जिम्मेदार है

### टेरिटोरियल फाइट की आशंका

वन विभाग के मुताबिक जांच में संघर्ष टेरिटोरियल फाइट की आशंका जताई जा रही है घटनास्थल के पास दूसरे बाघ के पगमार्ग मिले हैं टाइगर रिजर्व में इस साल चीता पुनर्वास योजना प्रस्तावित है ऐसे में यह घटना वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

### लापरवाही के लगे आरोप

इस घटना के बाद वाइल्डलाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने इस मामले में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है उनका दावा है कि सैटेलाइट डेटा में बाघ की लोकेशन दो दिनों तक स्थिर दिखाई दी जो राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण एनटीसीए के प्रोटोकॉल के तहत चेतावनी संकेत है उन्होंने स्वतंत्र जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है।

### आपसी संघर्ष में मौत की आंशका

मृत बाघ के शव के करीब के जल स्त्रोत एवं आसपास के अन्य जल स्त्रोतों का भी लिटमस पेपर द्वारा पीएच वैल्यू आदि की जांच भी की गई। दोनों ही जांच में कोई परिणाम नहीं मिले।उन्होने बताया इसके उपरांत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल अनुरूप पन्ना टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव गुप्ता एवं रहली में पदस्थ स्थानीय पशु चिकित्सक श्री नीरज ठाकुर के द्वारा एवं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि डॉ. प्रशांत देशमुख एवं वन संरक्षक सागर रिपुदमन सिंह भदोरिया के समक्ष शव का पोस्टमार्टम किया गया।

बाघ की खोपड़ी बुरी तरह से छतिग्रस्त थी एवं हड्डियां टूटी हुई थी तथा उन पर केनाईल के गहरे निशान भी थे।राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रशांत देशमुख एवं वरिष्ठ वन्य प्राणी चिकित्सक संजीव गुप्ता का अभीमत है, कि बाघों की लड़ाई में उक्त बाघ को अन्य बाघ द्वारा मार डाला गया है पोस्टमार्टम के पश्चात विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में उक्त बाघ के शव को शवदाह किया गया।

**शिवरात्रि पर हटा में कथा के समापन पर कथा व्यास अनिल शास्त्री ने दी जानकारी**

# देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के नाम स्मारक डाक टिकट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा के देवश्री गौरीशंकर मंदिर में आयोजित श्री अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर कथा व्यास एवं पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के सुपुत्र पंडित श्री अनिल शास्त्री जी ने व्यास पीठ से सभी को अवगत कराते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय संचार मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन पर गुरुदेव देव प्रभाकर शास्त्री के सम्मान में भारतीय डाक विभाग द्वारा स्मारक डाक टिकट जारी किया गया है। इस आशय की जानकारी से गुरुदेव दद्दा जी के शिष्यों में हर्ष का वातावरण देखा गया कथा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान दादा जी की परम शिष्य कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी ने कहा कि डाक विभाग द्वारा जारी विशेष टिकट गुरुदेव के आध्यात्मिक योगदान, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और समाज हित में किए गए कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देता है। महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर इसे उनकी शिवभक्ति, तप और त्याग को समर्पित पहल माना जा रहा है। श्रद्धालुओं ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। भक्तों का कहना है कि गुरुदेव के मार्गदर्शन में समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन हुआ, जिसे अब राष्ट्रीय पहचान मिली।

## पुष्पेंद्र हजारी ने बुंदेली मेला आयोजित करने उठाई मांग

हटा। देवश्री गौरीशंकर मंदिर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। दद्दा कला मंच पर महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर भजन संध्या कार्यक्रम विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में थाना प्रभारी सुधीर बेगी के नेतृत्व में जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल एवं नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र खरे एवं पार्षदों की उपस्थिति में आयोजित किया गया इस दौरान कार्यक्रम के संरक्षक कु पुष्पेंद्र हजारी ने उद्बोधन देते हुए जनता जनार्दन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमने हर तरह के कार्यक्रम आयोजित कराए है चाहे धार्मिक कार्यक्रम हो या सांस्कृतिक जो इन कार्यक्रमों के विरोधी रहे हैं ऐसी व्यक्तियों को आपके बल से उनकी नकारात्मक कूटनीति को कुचलने के काम किया है। यहां पर विधायक सहित नगर पालिका के अधिकांश पार्षद मौजूद है तो अब नगर में बुंदेली मेले का आयोजन भी होना चाहिए, में करबद्ध अनुरोध करता हूँ। जिस सांस्कृतिक विरासत की नींव मेने हटा में रखी सभी कलाकरों ने उसे सिंचित करके एक पौधा बनाया। लेकिन कुछ लोगों द्वारा उसमें हींग रखकर पौधे को सुखाने का प्रयास किया गया है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होने चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा यदि ऐसे कार्यक्रमों में जो लोग विरोध करते है वह संकीर्ण वृद्धि के लोग दूसरे कोई हो नही सकते। उन्होंने उपस्थित पार्षद एवं प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि आप सभी बुंदेली मेले का आयोजन कराईए। उन्होंने मंच से ही पार्षदों से जबाब लिया तो उपस्थित पार्षदों ने अपनी सहमति जताई। वही कार्यक्रम के दौरान हटा विधायक उमा देवी खटीक ने कहा हमारी हटा विधानसभा उपकाशी के नाम से जाना जाता है। हम चाहते भी है हटा को हटाकर शहर का नाम उपकाशी नगर रख दिया जाए इसके प्रयास में हम लगे हुए हैं माननीय मुख्यमंत्री जी को समय नहीं मिल पाया उन्होंने मुझे अस्वस्थ किया था इस कार्यक्रम में आऊंगा, कुछ कारण बस वह नहीं आ पाए। लेकिन मार्च में वह जरूर हटा आने का प्रयास करेंगे। उस समय में आप सबके सामने में अपनी बात रखूंगी। यहां पूरी घोषणाएं करवाऊंगी। सनातन धर्म मे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए। कार्यक्रम की गरिमा एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी एवं पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहे। सम्पूर्ण आयोजन श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। इस दौरान पार्षद देवेंद्र राय, पार्षद प्रतिनिधि हरिशंकर साहू, आकिब खान, हेमलता ताम्रकार, रीतेश फौजदार, जगत पटेल, मुन्नालाल अहिरवार,गौतम अहिरवार के अलावा कार्यक्रम समिति से रामकुमार असाटी, अनुराग वर्धन सिंह हजारी, पंडित बृजेश दुबे,सोनू मिश्रा, जागे असाटी, अर्पित बिट्टू ताम्रकार, कमल ठाकुर सहित समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।



## खास बातें

### राजश्री गुटखा की किल्लत, महंगे दामों में बिक्री

पथरिया। इन दिनों बाजार में राजश्री गुटखा की किल्लत हो रही है जिसके कारण महंगे दामों में मिल रहा है वही जिन दुकानों पर पहले से स्टाक रहा वहां तो है पर मनमर्जी के दामों से मिल रहा है जानकारी अनुसार केन्द्रीय बजट पेश होने के बाद से बाजार में राजश्री की कमी आई है दुकानदार द्वारा सप्लाई नही होने की बात की जा रही है वही जिनके पास है वह अपने अपने हिसाब से बेच रहे हैं जिससे ग्राहकों को महंगे दामों में लेना मजबूरी है क्योंकि सबसे बाजार में सबसे ज्यादा राजश्री गुटखा की खपत है वही इसी की सप्लाई नही होने से कमी बनी हुई है।

### भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह का आगमन आज

दमोह। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा संगठनात्मक दृष्टि से दमोह जिले का प्रभारी नियुक्त किए जाने के पश्चात प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह का आज प्रथम आगमन हो रहा है। प्रदेश मंत्री के रूप में नवीन दायित्व मिलने के बाद श्रीमती अर्चना सिंह 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे दमोह पहुंचेंगी। आगमन उपरांत वे जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में शामिल होंगी।

### विशेष टीकाकरण कैचअप अभियान द्वितीय चरण 16 से 21 फरवरी तक

दमोह। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरके अठया ने बताया कि दमोह जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ करने एवं छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विशेष टीकाकरण कैचअप अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के द्वितीय चरण 16 से 21 फरवरी तक किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिले भर में जिला टीकाकरण अधिकारी एवं मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी के समन्वय से विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में आज जिले में 10 विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। डॉ. अठया ने आमजन से आग्रह किया है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित तिथियों पर नजदीकी टीकाकरण सत्र स्थल पर लाकर खसरा एवं अन्य जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने बताया कि अभियान दौरान विशेष रूप से खसरा-रूबेला जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन के लिए जिले में एम आर प्रथम डोज से छूटे हुए 3000 बच्चों एवं एम आर द्वितीय डोज से छूटे हुए 3900 बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण किया जा रहा है।

## रमेश कुमार व्यास को पीएचडी की उपाधि एवार्ड



दमोह। एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह द्वारा रमेश कुमार व्यास को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य "दमोह जिले की कक्षा नवमी के विद्यार्थियों के भौतिक शास्त्र उपलब्धि पर सम्प्रत्यय प्राप्ति प्रतिमान एवं परंपरागत शिक्षण विधि के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन" विषय पर केन्द्रित रहा। यह शोध कार्य निर्देशक डॉ. स्वर्ण कौर प्रोफेसर एजुकेशन डिपार्टमेन्ट , एकलव्य विश्वविद्यालय , दमोह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रमेश कुमार व्यास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरी, दमोह में प्राचार्य हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षाविदों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## दमोह बना प्रदेश का इकलौता दोहरे सम्मान वाला जिला- कलेक्टर



दमोह। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के 32वें स्थापना दिवस समारोह में दमोह जिले को दो महत्वपूर्ण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिले ने निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में नई मिसाल कायम की है। उन्होने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान दमोह जिले में सर्वाधिक 22,000 दावे-आपत्तियों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। यह उपलब्धि पूरे मध्यप्रदेश में सबसे अधिक है, जिसके चलते दमोह जिला पुनरीक्षण कार्य में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। उन्होंने कहा यह सफलता जिला प्रशासन, निर्वाचन शाखा और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया दूसरा सम्मान जिले को 29 दिसंबर को 77 मतदान केंद्रों पर पूर्णतः पेपरलेस मतदान सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मिला। उन्होने बताया यह प्रक्रिया बेहद सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई, जिससे मतदान व्यवस्था में तकनीकी नवाचार और दक्षता का परिचय मिला। उन्होने बताया दमोह प्रदेश का एकमात्र जिला है जिसे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एक ही समारोह में दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व और गौरव का विषय है। कलेक्टर श्री कोचर ने निर्वाचन कार्य में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण और पेपरलेस मतदान में प्रदेश में प्रथम स्थान**

# सड़क निर्माण हेतु सौंपा ज्ञापन

### आजादी के 78 वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा




एक तरफ देश एवं प्रदेश की सरकारो के द्वारा दावे किए जाते हैं कि हमारे द्वारा इतने विकास की कार्य किए गए हैं वहीं दूसरी ओर जबेरा विधानसभा आज भी पिछड़ापन दूर नहीं कर पाया है आज भी इस विधान सभा के बहुत से गांव ऐसे हैं जहां के ग्रामवासी आज भी मूलभूत सुविधाओ जैसे पानी ,बिजली, एवं सड़क की कमी बनी हुई है ऐसा ही एक मामला जबेरा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के द्वारा प्रकाश में लाया गया है जिसमें ज्ञापन सोपता हुए बताया गया है कि जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के ग्राम बंदर कला में ऊपर मोहल्ला में सड़क निर्माण हेतु ग्राम वासी कई बार कलेक्टर महोदय के यहां कई बार जनपद सीईओ के यहां आवेदन दे चुके हैं उसी को लेकर ग्रामवासी आज जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के साथ जनपद पंचायत जबेरा कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने लिखित में आवेदन देकर पुनः सीईओ महोदय को अवगत कराया की सड़क न होने का हमारे ग्राम वासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है गर्भवती महिला होती है या कोई गंभीर बीमार हो जाता है चारपाई पर लेकर जाना पड़ता है मेन रोड तक क्योंकि वन विभाग ने फेंसिंग लगाकर रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया है जिससे ग्राम वासियों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि जब वन विभाग खेल मैदान हो मेला मैदान हो चाहे कहीं पंचायत को पर्कुलेशन बनवाना होचाहे कहीं खखरी का निर्माण हो इसके लिए एनओसी दे देता है तो जहां लोगों की जिंदगी का सवाल है वहां पर ऐन ओ सी जरुर मिलनी चाहिए अगर 15 दिन के अंदर एनओसी और उसकी स्वीकृति नहीं होती है तो मैं ग्राम वासियों के साथ धरने पर बैठ जाऊंगा जनपद पंचायत के सामने जिसके जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी ग्राम वासी हाकम सिंह ,कृष्ण कुमार गौड़, देव सिंह ,बोधन सिंह ,देवेंद्र अहिरवार, जनपद सदस्य नरेश द्विवेदी , एवं पत्रकारो की उपस्थिति रही।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

दमोह। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गोद ग्राम अथाई एवं बरपाटी में किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामों में जागरूकता रैली निकाली गई तथा ग्रामवासियों का सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सर्वेक्षण किया गया। जागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा प्रसार एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर ग्रामों की आधारभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य स्थिति, स्वच्छ पेयजल, शौचालय उपयोग एवं शैक्षणिक स्तर की जानकारी संकलित की, जिससे भविष्य की सामुदायिक विकास योजनाओं हेतु आवश्यक आंकड़े प्राप्त हो सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी, डॉ. मंगल सिंह एवं डॉ. नाजनीन बेगम के मार्गदर्शन में शिविर की समस्त गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार जैन ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की।

# धूमधाम से निकली भोले बाबा की बारात, हुई भव्य अगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर ओगड़धानी भोले बाबा की बारात धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ हर हर महादेव के जयकारों के साथ गांव के मुख्य मार्गो में से निकाली गई। भोले शंकर की बारात श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड से होते हुए श्री हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची जहां पर मंदिर के पुजारी सत्यनारायण सोनकिया एवं डॉक्टर भानु पटेल द्वारा बारात का स्वागत किया गया। ग्राम के मुख्य मार्गो से नगर भ्रमण करते हुए बारात पुनः श्रीराम मंदिर पहुंची जहां पर बारात का स्वागत करते हुए श्रीराम मंदिर के पुजारी पंडित गणेश पांडे द्वारा हिंदू रीति रिवाज अनुसार बारात की विधिवत अगवानी की गई। मंदिर परिसर में संसार की सबसे अनोखी जोड़ी श्री शिव पार्वती जी का हरे मंडप के नीचे विधि विधान पूर्वक मंत्र उच्चारण के साथ पंडित गिरजा उपाध्याय द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। जगतपति भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती के विवाह समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। महाशिवरात्रि के पर्व पर श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में भजन कीर्तन एवं भगवान शिव शंकर का रुद्राभिषेक किया गया। हनुमानगढ़ी मंदिर समिति द्वारा कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया जिसमें क्षेत्र वासियों ने सम्मिलित होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

# पुलिस ने एक आरोपी से 5 किलो 941 ग्राम गांजा व बाइक जब्त की

दमोह। पुलिस अधीक्षक द्वारा दमोह मे अवैध मादक पदार्थो के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया था जो इसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ती सोमवंशी के निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व एएसपी हटा प्रशांत सुमन के मार्गदर्शन मे मुखबिर की सूचना पर दिनांक 15/02/2026 को पटेरा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करते हुये आरोपी रामदास पिता घपुआ लोधी उम्र 61 साल निवासी ग्राम चौमखा थाना पवई जिला पन्ना म0प्र0 से 05 किलो 941 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ पकडा है। आरोपी के विरुध्द अंतर्गत धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया एवं आरोपी रामदास लोधी को माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है। आरोपी से जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की कीमत करीबन 01 लाख 20 हजार है एवं जप्तशुदा मो0सा0 की कीमत 50 हजार है। कुल जप्तशुदा मशुरुका करीबन 1 लाख 70 हजार रूपये का है । जप्त किये गये अवैध मादक पदार्थ गांजा के सोर्स के संबंध मे तलाश पतारसी की जा रही है। मामले में थाना प्रभारी पटेरा उनि धर्मेन्द्र गुर्जर,उनि संतोष सिंह, प्र.आर. रूपलाल, आर. बालमुकुन्द,आर. गब्बर राजपूत,आर. इन्द्रजीत, आर. सुरेश व सायबर सेल का सराहनीय योगदान रहा ।

## ईको कार की टक्कर से दो युवक घायल, मामला दर्ज

अमानगंज- पवई मार्ग पर सप्मैया मोड़ के पास बीती रात एक सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अभिषेक सिंह गौड़ (29) निवासी ग्राम महेड़ा, थाना पवई, जिला पन्ना ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार 14 फरवरी 2026 की रात लगभग 9रू30 बजे अभिषेक सिंह गौड़ अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक डच 35 डळ 1809 से अमानगंज से अपने घर महेड़ा जा रहे थे। मोटरसाइकिल वे स्वयं चला रहे थे और पीछे उनके साथी राहुल गुप्ता निवासी पवई बैठे थे। सप्मैया मोड़ पर दोनों मोटरसाइकिल खड़ी कर सड़क किनारे खड़े थे, तभी पवई की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक ईको कार क्रमांक डच 34 ब। 5307 के चालक ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में अभिषेक के दाहिने हाथ की कलाई व कंधे में चोट आई, जबकि राहुल गुप्ता के दाहिने पैर की पिंडली एवं सिर में गंभीर चोट आई।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में दिन भर उमड़ी रही भीड़



पथरिया। महाशिवरात्रि पर नगर के शिवालयों एवं अन्य पवित्र स्थलों पर भक्त सुबह से ही स्नान व्रत रखकर शिवलिंग पर दूध,दही,हल्दी,शहद एवं जल से अभिषेक कर फूल-फल,बेलपत्र, तुलसी,धतूरा,भांग चंदन चढ़ाकर मंत्रोंच्चारण एवं पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना व हवन करते हैं। प्रतिवर्ष वर्षानुसार इस वर्ष भी तहसील प्रांगण मंदिर में विराजे श्री सिद्धेश्वर महादेव देवस्थानम में 10 वें महाशिवरात्रि महोत्सव की हफ्तेभर पूर्व से नगर धूम है। मंदिर में प्रातः काल से महारुद्राभिषेक शिवार्चन और हवन पूजन का क्रम जारी रहा। भव्य बारात बड़ी खेर माता से 6 बजे से गाजे- बाजे के साथ प्रारंभ हुई जिसमें विशेष आकर्षणबनारस की तर्ज पर गंगा आरती,अघोरी नृत्य, बाहुबली हनुमान स्वरूप और विराट सनातनी अखाड़ा। भक्ति का संगम-राधा-कृष्ण नृत्य,मनमोहक आतिशबाजी और आदियोगी प्रभु के विराट दर्शन। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओ की उपस्थिति रहीं। धार्मिक अनुष्ठान सुबह से ही मंदिर में महरुद्राभिषेक,शिवार्चन और हवन-पूजन सहित बारात की तैयारियों का क्रम जारी रहा। सिद्धेश्वर महादेव जी की शाही बारात में अघोरी नृत्य और बनारस की गंगा आरती के साथ मुख्य सड़क से निकली महोत्सव में कई हजार श्रद्धालुओ की उपस्थित रहीं।